
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 313 मुरादाबाद 13 March 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## चतुराई से बोलकर जीत गए पीएम मोदी, सीएम अशोक गहलोत ने चार राज्यों में हुई भाजपा की जीत पर कसा तंज

जयपुर- राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पांच में से चार राज्यों में भाजपा की जीत के पीछे हिन्दुत्व के नाम पर ध्रुवीकरण को कारण बताया है। गहलोत ने कहा कि हिन्दुत्व के नाम पर ध्रुवीकरण कर के चतुराई से बयान देकर भाजपा चुनाव जीत गई। पूरे देश में हालात गंभीर है। उत्तर प्रदेश में कोरोना प्रबन्धन पूरी तरह से असफल रहा था, यह बात वहां के लोग जानते हैं। लेकिन यह सब बात पीछे रह गई, क्योंकि भाजपा नेता चतुराई से बयान देकर चुनाव जीत गए। गहलोत ने शनिवार को दांडी मार्च की वर्षगांठ पर जयपुर में यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस प्रकार बोलते हैं, चतुराई से भाषण देते हैं । वह एक पक्ष हो सकता है। लोग सोचते हैं कि पीएम बोल रहे हैं कि तो सच्चाई होगी,इसलिए मान लेते हैं। लेकिन पीएम के भाषण में सच्चाई नहीं होती है।हमें जनता तक यह बात पहुंचानी होगी,तब जाकर भाजपा का चेहरा बेनकाब होगा। पूरा देश देख रहा है कि केन्द्रीय एजेंसियों सीबीआई, आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय का दुरूपयोग हो रहा है। विपक्ष के लोगों पर छापे पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में हिंसा और तनाव का माहौल है। ध्रुवीकरण हो रहा है। हम सब हिंदू हैं,लेकिन हिन्दुत्व के नाम पर राजनीति नहीं करते हैं। राज्य के भाजपा नेताओं द्वारा कांग्रेस कार्यालय पर बुलडोजर चलाने से जुड़े बयान की चर्चा करते हुए गहलोत ने कहा कि बुलडोजर उन पर चलेगा या किसी और पर यह तो समय बताएगा। गहलोत ने कहा कि यूक्रेन और रूस में युद्ध हो रहा है। दुनिया कह रही है कि शांति स्थापित होनी चाहिए। शांति का मार्ग ही देश-दुनिया के लिए हितकर है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का बताया अहिंसा का रास्ता ही सबसे सही है, उसी पर चलकर विश्व में शांति कायम हो सकती है।

### बेहतर परिणाम की थी उम्मीद

बता दें कि इससे पहले वीरवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा था कि, कांग्रेस पार्टी पांच राज्यों में



विधानसभा चुनाव के जनादेश को स्वीकार करती है। सीएम ने ट्वीट कर कहा था, हमें पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में बेहतर परिणाम की उम्मीद थी। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चुनाव में बहुत मेहनत की। हम विनम्रतापूर्वक परिणाम को स्वीकार करते हैं और जीतने वाले उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देते हैं। आशा है कि वे इसे जनता से किए वादे पूरे करेंगे।

### भाजपा ने चार राज्यों में लहराया झंडा

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में पंजाब में आम आदमी पार्टी ने बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। वहीं, उत्तर प्रदेश, गोवा, मणिपुर और उत्तराखंड में भाजपा को प्रचंड जीत मिली है। जोधपुर में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। भाजपा कार्यकर्ता और नेता जीत को लेकर काफी उत्साहित थे और उन्होंने आने वाले समय में राजस्थान में भाजपा की सरकार बनाने का दावा किया।

## लाकडाउन में देश ने देखा पुलिस का मानवीय चेहरा, लोगों को धारना बदलने की जरूरतः पीएम




चार राज्यों में बम्पर जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। पीएम मोदी के गुजरात दौरे का आज दूसरा दिन है और इस बीच आज पीएम मोदी ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि रक्षा क्षेत्र में अब वेल ट्रेंड मेन पावर समय की मांग है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देशभर में रक्षा के क्षेत्र में जो अपना करियर बनाना चाहते हैं उनके लिए ही इस यूनिवर्सिटी का जन्म हुआ है। पीएम ने आगे कहा कि देश ने कोविड महामारी के दौरान वर्दी में कई पुलिसकर्मियों को लाकडाउन के समय जरूरतमंदों को भोजन और दवाइयां देते देखा,यही पुलिस का मानवीय चेहरा है। मोदी ने साथ ही लोगों को पुलिस के प्रति धारना बदलने को कहा। यूनिफॉर्म पहनकर दुनिया अपनी मुट्ठी में सोचना गलत- पीएम ने युवाओं को कहा कि आपने अगर यूनिफॉर्म पहन ली तो ये सोचने की गलती मत करना की दुनिया आपकी मुट्ठी में है। यूनिफॉर्म की इज्जत तब बढ़ती है, जब इंसान के भीतर मानवता होती है और जब उसमें करुणा का भाव होता है। पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित करने की जरूरत- पीएम ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद कानून-व्यवस्था की भर्ती में सुधारों की आवश्यकता थी जिसमें हम पीछे रह गए। उन्होंने कहा कि पुलिस के बारे में एक धारणा है कि उनसे दूर रहो, हालांकि यह सेना के साथ नहीं है। पीएम ने कहा कि यह आवश्यक है कि पुलिसकर्मियों को इस तरह से प्रशिक्षित किया जाए कि वे लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें।

### राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के नए परिसर का किया उद्घाटन

पीएम ने आज राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का नया परिसर राष्ट्र को समर्पित किया। परिसर के उद्घाटन के दौरान उनके साथ गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। इससे पहले गांधीनगर के दहेगाम में पीएम ने रोड शो किया। रोड शो के दौरान मोदी ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिनंदन भी किया। पीएम को देख लोगों ने भारत माता की जय का नारा लगाया। तेज गति से आगे बढ़ेगा विश्वविद्यालयः अमित शाह- राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पीएम ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय को देश को समर्पित कर दिया है। और अब ये विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह के बाद राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी तेज गति से कार्य करने वाला है।

### गांवों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पंचायत महासम्मेलन में ग्रामीण विकास पर जोर दिया।

पीएम ने अपने संबोधन के दौरान महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे समय जब भारत आजादी के 75 साल का जश्न मना रहा है तो राष्ट्रपिता के ग्रामीण विकास का सपने जल्द पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राम स्वराज के सपने को पूरा करने के लिए पंचायती राज का ढांचा मजबूत करना महत्वपूर्ण है। पीएम ने कहा कि सभी पंचायत सदस्य इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

## अनपढ़, गंवार, नासमझ ओपी राजभर ने हार पर पिछड़ा वर्ग को क्या-क्या कह डाला

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ( सपा ) गठबंधन के साथ चुनाव लड़े सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ( सुभासपा ) प्रमुख ओपी राजभर करारी हार को लेकर पहले ईवीएम पर सवाल उठाया तो अब जनता की समझ पर सवालिया निशान लगाते दिख रहे हैं। उन्होंने पिछड़े वर्ग के लोगों को अशिक्षित, गंवार और नासमझ करार दिया है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने यह भी माना कि जनता को समझाने में असफल रहे। एक टीवी चैनल से बातचीत में उनसे जब हार की वजहों



को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, हम जिस वोट को अपने साथ लाना चाहते थे, उनमें बड़ी अशिक्षा है, अशिक्षा की वजह से उसे शिक्षा की बात समझ नहीं आता ही। नौकरी की बात समझ नहीं आती है। जो कभी बीमार नहीं हुआ या जिस परिवार में कोई हॉस्पिटल नहीं गया उसे हमारी फ्री इलाज की बात समझ नहीं आई। जो हॉस्पिटल आया था उसे समझ आया कि सूद पर पैसा लेना पड़ा, जमीन गिरवी रखनी पड़ी। एक अन्य चैनल से बातचीत में जब उनसे बुलडोजर के मुद्दे पर भाजपा को वोट मिलने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, ये बुलडोजर चलाने वाले लोग, अभी देखा मैंने सोशल मीडिया पर हमारे कुछ बैकवर्ड क्लास के लोग जो अशिक्षित, गंवार हम उनको कहते हैं, नामसमझ आप बुलडोजर पर बैठकर नारा लगा रहे हो उतना समय अपने बच्चे को पढ़ाने में लगा देते। अपने बच्चे को डॉक्टर, मास्टर इंजनीयर बनाने में लगाते। ओपी राजभर से जब यह पूछा गया कि जनता ने आपकी बातों को खारिज कर दिया तो उन्होंने कहा, जनता मत माने, हमने तो समझाने का प्रयास किया। क्लास में टीचर समझाता है। 50 को पढ़ाता है, सब मेरिट तो नहीं पाते। 2-3 फर्स्ट आ जाते हैं, 10-20 फेल हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी अखिलेश यादव से बातचीत हुई है और एक-एक सीट पर समीक्षा की जाएगी कि कहां क्यों हारे और जहां जीते वहां वजह क्या रही।

## सहकारी चीनी मिल शेखुपुर लिमिटेड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का धरना जारी



सत्येंद्र सिंह
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ-सहकारी चीनी मिल के कर्मचारियों का कई महीनों से मालवीय आवास गृह पर धरना प्रदर्शन चल रहा है इन लोगों का कहना है कि अगर इतने समय से हमारे विभाग के किसी भी कर्मचारी के लिए किसी भी अधिकारी ने आज तक नहीं बुलाया नाही समझौता करने की बात कही जो कि होली ऐसा त्यौहार है लोगों की खर्चा कहां से आए जो कि यह लोग कई महीनों से अपने फंड बीमा की मांग चीनी मिल के अधिकारियों से कर रहे हैं अब इन लोगों का कहना है कि अगर हमारी होली तक मांगे पूरी नहीं हुई तो हम लोग मालवीय आवास गृह पर होली के दिन भी यही इसी स्थान पर अपना आंदोलन जारी रखेंगे और हम घर नहीं जाएंगे

## मुरादाबाद में एक बार फिर युवाओं के अंदर छिपा एक शायर बाहर आ गया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-पीतल नगरी मुरादाबाद में एक बार फिर युवाओं के अंदर छिपा एक शायर बाहर आ गया है। जी हां! इस बार अल्फाज़ अपने के मंच ने तीर्थंकर यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम के माध्यम से यहां के स्टूडेंट्स को अपनी प्रतिभा उजागर करने का मौका दिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से इन युवाओं के अंदर छुपे बड़े मुद्दे भी कुछ इस तरह सामने आए कि सब देखते ही रह गए। दरअसल, विगत 2 वर्षों से मुरादाबाद में युवा कवियों एवं कवयित्रियों को मंच प्रदान करते हुए अल्फाज़ के कदम बढ़ते नज़र आ रहे हैं। इसी के चलते युवा प्रतिभाओं को लगातार आगे बढ़ाने हेतु ऋअल्फ़ाज़ऋ द्वारा दिल्ली रोड स्थित तीर्थांकर महावीर यूनिवर्सिटी के टिमिट कॉलेज में प्रथम ओपन माइक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के मैनेजमेंट और लॉ के छात्र और छात्राओं ने अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्फ़ाज़ की संस्थापिका अभिव्यक्ति सिन्हा, संचालन राघव गुप्ता व मैनेजमेंट अमर सक्सैना ने किया। वहीं इस कार्यक्रम में आकृति, मुस्कान, श्याम, अंचित गिरीश और हर्षित ने कार्यभार संभाला। वहीं टिमिट कॉलेज से प्रिंसिपल डॉ विपिन जैन, डॉ अलका अग्रवाल, डॉ मनोज कुमार अग्रवाल, अमित वर्मा, विवेक आनंद, आनंद जोशी, आदि ने भी पूरे कार्यक्रम में भरपूर सहयोग दिया। कार्यक्रम के दौरान गरिमा, उदित, पूजा, अविरल, नंदिनी, रिया, वैशाली, ज़ीनत, पलक, अक्षय, अनन्या, अंशिका, पायल, पवित्र, अभिनव, युवराज, अदिति, प्रियांशी, प्रियांशु, अश्वनी, जैनुअल, और आयुष की एक से बढ़कर एक उम्दा कविताएं सुनाईं जिन्होंने सभी का दिल जीत लिया। तो वहीं नव्या, ऋषभ, सैयदा जोहा, अथर, और महक के गायन ने इस कार्यक्रम में खूब सुर बिखेरे। वहीं अमीषा, इक़रा और अमन ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए उम्दा कहानियां भी पेश की। इसके साथ ही अभिव्यक्ति ने बताया कि अल्फाज़ युवा साथियों को उनकी कला का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जहां वे बेझिझक अपना हुनर दिखा सकते हैं और अपने-अपने क्षेत्र का नाम रौशन कर सकते हैं। अभिव्यक्ति का कहना था कि टिमिट कॉलेज में अल्फाज़ का प्रथम ओपन माइक हर एक मायने में सफल रहा है, जिसके लिए वो हर एक विद्यार्थी और शिक्षकगणों का धन्यवाद देती हैं। वहीं कार्यक्रम में कॉलेज के विभिन्न छात्र और छात्राएं, सभी श्रोता के रूप में शामिल रहे।

## ग्राम समाज के तालाब के पट्टे को लेकर किसान यूनियन के सहयोग से किया धरना प्रदर्शन



मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ- भारतीय किसान यूनियन का 12 दिन भी बिसौली तहसील के ग्राम में 154 बीघा जलमग्न तालाब ग्राम समाज बा निजी तालाब 96 वीजा पर भू माफियाओं के कब्जा मुक्त कराने को लेकर मालवीय आवास गृह पर धरना जारी है आज होली पर्व पर भी धरना स्थल पर धरना जारी रहेगा इस अवसर पर किसान यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने कहा की आखिर 96 बीघा तालाब 36 किसान के नाम कैसे हो गया 12 दिन धरने पर बैठे के बाद तहसील बिसौली प्रशासन की तरफ से कोई भी किसी भी प्रकार का कोई अधिकारी भी नहीं आय जोकि इसकी शिकायत पत्र के द्वारा जिलाधिकारी महोदय को सौंप दी गई है

## वनखंडेश्वर मंदिर में प्रतिमा क्षतिग्रस्त मामले में बढ़ रहा तनाव

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ - जलाली में सिद्धपीठ वनखंडेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान प्रतिमा के ऊपर लगी गुमठी को क्षतिग्रस्त करने के मामले में शनिवार की सुबह मंदिर पर सैकड़ों की तादाद में हिंदूवादी लोग जुट गए। वहीं मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर हंगामा शुरू हो गया। कस्बे में बाजार सुबह से ही बंद रहे जिसे देख प्रशासन के होश उड़ गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम प्रशासन डीपी लाल, एसपीआरए देहात शुभम पटेल, एसडीएम कोल संजीव कुमार ओझा, सीओ अतरौली शिवप्रताप सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर मोर्चा संभाला। वहां हंगामा कर रहे लोगों को अधिकारियों ने काफी समझाने का प्रयास किया। लेकिन हिंदूवादी लोग मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर डटे रहे।

## धर्मगुरुओं व स्थानीय स्तर पर गठित सुरक्षा समितियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग संपन्न



सुमित गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पीलीभीत पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 महोदय के निर्देशन में क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा आगामी होली तथा शब-ए-बारात पर्व पर शांति-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत थाना परिसर में संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं व स्थानीय स्तर पर गठित सुरक्षा समितियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी तथा लोगों से शांतिपूर्ण सौहार्द के साथ होली व शब-ए-बारात का पर्व मनाने की अपील की गयी। थाना जहानाबाद में एसएसबी बल व पुलिस फोर्स, थाना बरखेड़ा, बिलसंडा व अमरिया में थाना पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया

## शिव देवी सरस्वती विद्या मंदिर के छात्राओं ने खूब खेली रंग गुलाल से होली

मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बदायूँ- सरस्वती विद्या मंदिर की छात्र छात्राओं ने स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चों ने एक दूसरे के रंग व गुलाल लगाकर खूब होली खेली जिसके बाद बच्चों ने एक दूसरे से गले मिलकर प्रेम से गले मिलकर प्यार का इजहार किया और क्योंकि आज बच्चे अब एक दूसरे को होली के बाद में लेंगे इसलिए बच्चों ने आज ही रंग गुलाल लगाकर होली त्यौहार मनाया क्योंकि अब 24 मार्च से यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रारंभ होने वाली है और इसके बाद फिर बच्चे एक दूसरे को इंटरमीडिएट वाह हाई स्कूल हाई स्कूल के पेपरों के बाद एक दूसरे को मिलना जुलना होगा यह एक ऐसा त्योहार है जिस पर बच्चे एक दूसरे को गले मिलकर अपने प्रेम से त्यौहार मनाते हैं

# सड़क किनारे खड़ी महिला टैंकर की चपेट में आकर दर्दनाक मौत

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा शनिवार की दोपहर ग्राम नन्हूवाला निवासी एक महिला को तेज रफ्तार टैंकर ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई ठाकुरद्वारा मुरादाबाद मार्ग पर स्थित गांव नन्हू वाला निवासी सरोज देवी पत्नी नरेश सिंह के साथ बाइक से कही जा रही थी तभी मोड़ पर सरोज देवी अपनी बाइक के पास खड़ी थी साइट में खड़ी थी तभी मुरादाबाद दिशा से तेज़ गति से आ रहे टैंकर ने अपनी चपेट , मैं लेकर महिला को कुचल डाला महिला की मौके पर ही, तड़प स्थिति में मौत हो गई परिजनों ने बताया कि किसी काम से कहि जाने के लिऐ निकले थे ठाकुरद्वारा के ग्राम नन्हू वाला की रहने वाली महिला सरोज देवी ( 55 वर्षीय शनिवार की दोपहर को मुरादाबाद दिशा से आ रहे टैंकर ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे हादसे में सरोज देवी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई गाउन मैं फैला सन्नाटा हर घर में मातम परिवार में मातम परिवार जनों का रोते बिलखते बुरा हाल है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# मेधावी खोज प्रतियोगिता में सबा और नाजिया ने मारी बाजी मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा कृष्णा डिग्री कॉलेज की ओर से आयोजित मेधावी खोज प्रतियोगिता में सबा और नाजिया ने , बाजी मार कर सभा को प्रथम और नाजिया को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य लोकमन सिंह ने कहा कि शिक्षा से ही जग उजियारा होता है, इसलिए हर व्यक्ति को शिक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। लगन के साथ यदि शिक्षा ग्रहण की जाए तो भविष्य उज्जवल होना सुनिश्चित है। कृष्णा महाविद्यालय के प्रबंधक गौरव चौहान ने विद्यालय स्तर पर मेधावी खोज प्रतियोगिता का आयोजन कराया। मुस्लिम इंटर कॉलेज में संपन्न हुई प्रतियोगिता में कक्षा 12 की छात्र सबा पुत्री इरशाद अहमद प्रथम रही आयोजित समारोह में सबा ने पुरस्कार प्राप्त किया। जबकि नाजिया पुत्री शाहिद अली को द्वितीय, मुस्कान पत्री नजाकत अली को तृतीय और मोहम्मद सादिक पुत्र मुनाफ आलम सादिया खान पुत्री रहवर रजा को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य लोकमन सिंह ने कहा कि शिक्षा से ही जग उजियारा होता है शिक्षा के बिना इंसान अधूरा रहता है। मनोयोग से और लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा ग्रहण की जाए तो निश्चित रूप से जीवन में सफलता मिलती है। केरान जिलानी, रीमा खान, रूबी विकट, इरशाद अंसारी आदि मौजूद रहे।

# युवती के अपहरण के मामले में दो भाईयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र मै युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने दो भाईयों के खिलाफ अपहरण के मामलें की रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शरीफनगर मार्ग स्थित एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसकी पुत्री को 9 मार्च की सुबह गांव के ही दो भाई बहला फुसलाकर भगा कर ले गए आरोप है कि उसकी पुत्री को भगाकर ले जाते समय जिन गवाहों ने देखा आरोपी उन्हें जान मारने की, लगातार धमकी देते हुए उसकी पुत्री को भी जान से मारने की धमकी दे रहे है वही पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस से लड़की की बरामदगी की मांग की वही आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की भी मांग की है पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है कोतवाली क्षेत्र के गांव रूपपुर टंडौला निवासी शुभम् व सुमित पुत्रगण मनोज कुमार के खिलाफ युवती का अपहरण करने सहित ससुंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी , कोतवाली पुलिस ने युवती की भी तलाश जारी कर दी है उधर कोतवाली निरीक्षक आदेशानुसार अपराधिक घटनाओं को रोकने पूरी तरह जुटा हुआ है पुलिस प्रशासन शक्ति से अपने कार्य में जुटा है

# सपा विधायक के तीसरी वार मिली हैट्रिक जीत पर समर्थकों ने मनाया जश्न

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- विधान सभा ठाकुरद्वारा से सपा विधायक नवाब जान को तीसरी बार मिली हैट्रिक जीत पर सर्मथकों व कार्यकर्ताओं ने में मिठाई बांट कर खुशी मनाई फूल मालाओं से लाद कर आज फिर उन्हें सम्म?ानित किया। विधानसभा ठाकुरद्वारा से सपा विधायक नवाब जान को तीसरी बार कुल 1लाख 34 हजार 391 वोट प्राप्त कर हैट्रिक जीत दर्ज कराई उन्होने इस जीत को भाई चारा ,विकास को प्राथमिकता , सपा कार्यकाल में ढाई वर्ष में कराए चौमुखी विकास कार्यो को जीत का करण बताया। उन्होने कहा कि इस बार भी मतदाताओं ने जाति धर्म का भेदभाव समाप्त कर मुझे विजयी बनाया है। भाजपा ने प्रदेश सहित इस क्षेत्र में धर्म की राजनिति कर मतदाताओं को बरगलाने का प्रयास किया था जिसे लेकिन क्षेत्र के मतदाताओं ने एक सिरे नकार दिया है मुझे सभी धर्मो के लोगों ने वोट दिया है मैं, मैं सभी हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई भाइयों का तहे दिल से शुक्र गुजार हूं मैं हमेशा जाति धर्म से हटकर ही आपके साथ हर वक्त , कान्हा कान्हा मिलाकर हर हिंदू मुस्लिम सिख भाई के साथ हर वक्त साथ खड़ा रहूंगा मुझे मिला सबका प्रेम उत्साह कीमती बोट वे सबका साथ मैं हर वक्त इस क्षेत्र की जनता का शुक्रिया अदा करता रहूंगा यह जीत मेरी नहीं है मेरी प्यारी जनता की है मेरे प्यारे बुजुर्गों की है मेरे हर भाई की जीत है मेरी हर बहन की जीत है हर मां की जीत है हर बच्चे की जीत है मै हर क्षेत्र के भाई के साथ सदैव तत्पर यूं ही खड़ा दिखाई दूंगा मैं सभी को जीत की बधाई देता हूं आने वाला कल खुशियों से भरा हो यही उम्मीद करता हूं यही आस करता हूं आपका अपना ठाकुरद्वारा प्रतिनिधि विधायक नवाब जान खान मुझे मिला है अपनी प्यारी जनता गरीब मजदूर असहाय वर्ग की खिदमत करने का फिर मौका मैं आपकी सेवा में दिन रात लगा रहूंगा असहाय वर्ग परी मजदूर किसानों के लिए विकास सड़क निर्माण नाली आदि अन्य योजनाएं आप तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करूंगा

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसकर मारपीट 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसकर लाठी डंडो से दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते चले गए पुलिस ने घायल की बैरियर पर तहरीर पर मारपीट करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सुरजननगर निवासी सुरेश पुत्र मलखान ने पुलिस को बताया कि पड़ोस के कुछ लोग उसके परिवार में रंजिश रखते है मार्च की सुबह 7 . 00 बजे पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसी दयाराम पुत्र मलखान , विशाल , कृष्ण , पुत्रगण दयाराम , तारावती पत्नी दयाराम , राधिका चिरंजी एक राय होकर लाठी डंडो के साथ घर में घुस आए जहां आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए उसे मारना पीटना शुरू कर दिया। चीख पुकार सुनकर बचाने को पहुंची उसकी पत्नी कमलेश को भी मारना पीटना शुरू कर दिया आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए । पीडित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Basic needs


The Bharatiya Janata Party has not only strengthened its basic base in Uttar Pradesh, it has also proved to be the most relevant party in the eyes of the people. People want to keep working keeping him in power. Not only the party, the analysts also felt that the youth or unemployed voters were disillusioned, but this disillusionment was not so much that there should be a change of power. This means, in view of the efforts made by the Government of Uttar Pradesh on the employment front, the youth have hopes for the future. By the end of 2021, the employed population has increased to 32.79 percent. A major reason for this is the pandemic and the lockdown. Certainly on the employment front, the state government has made efforts on its part, so people have faith in it. But in the joy of victory, no one should be under the illusion that unemployment is no longer an issue. There is a huge population of such youth, who know the importance of getting employment in difficult times.“A similar issue is agricultural development and reform. The impact of the farmers' movement has been negligible, but it does not mean that the government should suffer any loss in future by forgetting the promises made to the farmers. The agriculture sector is still a very important pillar of our economy. The farmers should be given a fair price for the produce and the problem of stray animals should be kept in the attention of the government. The third challenge before the government is on the education front, there is a need for good educational institutions in Uttar Pradesh, so that no student has to go outside the state to study. The population needs to be skilled so that it can be facilitated in employment or enterprise. More than twenty percent of the population is still illiterate, so in the nectar year of independence, Uttar Pradesh should also take a pledge to make it fully literate at the earliest. By increasing the budget, the educational structure from primary level to higher education should be made such that the state should come under the category of developed states. Good medical system should also be the priority of the government. There have been some sudden improvements on a war footing during the pandemic, but Uttar Pradesh lags behind in medical services as a whole. According to NITI Aayog, Uttar Pradesh is at the bottom of the big states in terms of medical services. The priority should be to bring the state among the top 10 medical facilities of the country.“Industrial development should be the fourth priority of the state government. Tamil Nadu is a relatively small state, but only about a third of its industries are located in Uttar Pradesh. Uttar Pradesh may be the largest market in the country, but Tamil Nadu is far ahead in terms of setting up or running an industry. Every type of enterprise or investment is needed in Uttar Pradesh, small or big. For this the most important thing is public participation. People are raising their voice freely. This assertiveness should also be used to demand basic amenities at the local level.“People of Tamil Nadu go ahead and ask for teachers for government schools, regular presence of doctors at primary health centres, keep in mind, the local government of Delhi is trying to do this on its own level. Of course, people will rise above caste-religion and become aware, then governments will also be able to work faster.

## Ashram's 'Babita' gave a very bold pose in the tube top, seeing the mark on the neck, the fans asked - who gave 'love bite'



Babita i.e. Tridha Chaudhary of web series 'Ashram' does not leave any chance to surprise her fans. Even on social media, Tridha blows the senses of her fans with her hot and bold pictures. Once again Tridha has played such a magic of her beauty that people have fallen on her. Recently, Tridha has increased the heartbeat of the fans by sharing her most sizzling photos. Tridha Chaudhary has shared a picture on her Instagram account. Wearing a tube top, Tridha is looking hot. The actress paired a necklace with a white printed top. The hair has been kept open and has also brought shades with it. Tridha looks like a diva in candid pose. However, in this photo, the fans also saw a love bite near Tridha's neck. In the comment section, people started questioning about it. Fans are reacting fiercely to this photo of Tridha. People are commenting a lot on this. Most people are expressing their emotion by posting fire emoji, while there are some who are advising them to do a little weight put on. Many users have called her a beauty queen, while many have praised her bold look. Let us inform that Tridha Chaudhary became popular with the web series 'Ashram', in this series she played the role of a simple disciple Babita. In this, she gave fiercely intimate scenes with Bobby Deol, due to which she came into the limelight. Before 'Ashram' Tridha Choudhary has also worked in many Bengali and Telugu films. Apart from this, recently she has also worked in a music video with Bhojpuri superstar Pawan Singh.

## PV Sindhu did the hook step on 'Kacha Badam', so the fans were happy, told the video cute



Badminton star PV Sindhu has become a social media queen these days, she recently made fans happy by making a reel on 'Kacha Badam'. Sindhu has shared a video on Instagram reels while dancing to the song of Bhuban Badyakar on social media. People are looking very excited to see this style of his. Users are praising their favorite player fiercely. Raw almonds have become a social media trend these days, there is hardly anyone who has not made a reel on this song. Now the name of badminton star PV Sindhu has also been added to this list. Sindhu could not stop herself from dancing on Kacha Badam and she also showed her moves on its hook step. Sharing the post, Sindhu wrote the hashtag #kachabadam #reels #reelitfeelit #gotthemoves with heart emoji in the caption. More than 7 lakh 40 thousand people have seen this post so far. Raw almonds have been a social media trend for some time now. Every celebrity has made headlines by making videos on its hook-staps. People also liked the dance of PV Sindhu. If someone is telling him 'cute', then someone says, 'You are as good a player as you are a good dancer'. Let us inform that India's veteran badminton player and two-time Olympic medalist PV Sindhu recently crashed out of the German Open. Sindhu was defeated by China's Zhang Yi Mann in the women's singles second round match. This match was very exciting and lasted for three games. The Chinese player defeated Sindhu in a match that lasted 55 minutes.

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## ऐतिहासिक जीत के बाद सदर विधायक डेविड द्वारा सीधे जनता का आभार, बेन्डबाजों की धुन पर झूम रहे भाजपाई

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- सदर विधान सभा सीट से पुन: ऐतिहासिक विजय हासिल करने वाले भाजपा के कद्दावर सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड के नेत्रत्व में हजारों भाजपाईयों एवं समर्थकों ने आज शनिवार को पथवारी स्थिति मां काली की पूजा अर्चना करने के बाद सीधे तौर पर जनता जनार्दन से चरण वंदना सम्पर्क कर आभार व्यक्त किया ! भाजपा विधायक विपिन वर्मा डेविड का जनसंपर्क अभियान ठन्डी सडक से प्रारम्भ होते हुए मेहता पार्क, बली मुहम्मद चौराहा, सुभाष बाजार ,घन्टाघर, गांधी मार्केट से कचहरी रोड घूमते हुए जीटी रोड स्थिति भाजपा चुनाव कार्यालय पर समाप्त हुआ ! जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक विपिन वर्मा डेविड के बडे भाई शशिकांत वर्मा बबलू सहित वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद गुप्ता एवं सैकडो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे !

## भाजपा को विजयश्री दिलाने में व्यापारियों का अमूल्य योगदान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- अलीगंज सुदूरवर्ती अतिसंवेदनशील विधान सभा क्षेत्र अलीगंज में भाजपा के कद्दावर उम्मीदवार ठा. सत्यपाल सिंह राठौर ने पुन्ः भगवा परचम लहराकर भाजपा का झंडा बुलंद करके क्षेत्रवासियों एवं व्यापारीबधुंओ को अपराधियों एवं माफियों से पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया है ! ज्ञातव्य हो कि अलीगंज नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मन्डल के अध्यक्ष ठा. अजय पाल सिंह ्र बंटी ठाकुर ्र एवं महामंत्री पं. विजय दीक्षित सहित सैकड़ों व्यापारियों के साथ समूचे विधान सभा क्षेत्र में व्यापारियों से जनसंपर्क करते हुऐ पुन्ः भाजपा का परचम फहराने के लिए अथक परिश्रम किया था ! अलीगंज विधान सभा सीट से पुन्ः निर्वाचित हुऐ भाजपा के कद्दावर उम्मीदवार ठा.सत्यपाल सिहं राठौर ने कहा कि वह हमेशा व्यापारियों के दिलों की चाहत रहें हैं तथा आने वाले समय में कोई भी कितना भी बडा गुन्डा हो यदि वह व्यापारियों का उत्पीड़न करेगा तो उसकी जेल की सलांखो के अन्दर खातिरदारी की जाऐगी

## राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रो व छात्राओ को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी प्रशिक्षण

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-आगरा।राधा वल्लभ इण्टर कालिज आगरा थाना शाहगंज आगरा मे चल रहे सात दिवसीय कैम्प मे राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रो व छात्राओ को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी प्रशिक्षण देकर जागरूक करते हुए रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा जनपद आगरा। श्री शिवदयाल शर्मा रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 ने राधा वल्लभ इण्टर कालिज आगरा थाना शाहगंज आगरा मे चल रहे सात दिवसीय कैम्प मे राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रो व छात्राओ को अग्नि शमन सुरक्षा सम्वंधी प्रशिक्षण देकर जागरूक किया गया। तथा कोराना को देखते हुए सरकार द्वारा दी गई गाइड लाइन के भी सुझाव दिये गये। तथा साथ ही साथ सी.एफ.ओ ने ह र स के छात्रो व छात्राओ को फायर स्टेशन के आपातकालीन टेलीफोन नंबरो की भी जानकारी दी गई। तथा उपलब्ध अग्नि शामक यन्त्रो को चलाने की व बुझाते समय सावधानी बरतने की भी जानकारी दी गई। तथा मौके पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी श्री मती मीरा दुवे प्रधानाचार्य श्री वीरेश श्रीवास्तव, अशोक पचौरी, ह र स प्रभारी श्री लक्ष्मी कान्त, सजय कुलश्रेष्ठ,गिरीश गौतम, संगीता कुमारी इत्यादि सभी ने इस कार्य की काफी प्रशंसा एव सराहना की।

# एम.वाई.फेक्टर को ध्वस्त कर अलीगंज के पुन: सरताज बने ठा. सत्यपाल सिंह राठौर

### कुशल रणनीति के सारथी बने चेयरमैन ब्रजेश गुप्ता एवं ब्लॉक प्रमुख अशोक रत्न शाक्य

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-अलीगंज- विधान सभा सामान्य निर्वाचन के पश्चात कडी सुरक्षा के मध्य मुख्यालय स्थिति मंडी समिति के अंदर मतगणना के दौरान भाजपा उम्मीदवार ठा. सत्यपाल सिंह राठौर विधायक एवं सपा उम्मीदवार रामेश्वर सिंह यादव पूर्व विधायक के मध्य कभी ऊपर तो कभी नीचे रही कश्मकश परिस्थितियों से समर्थकों में भले ही अजीबो गरीब हालत बनते रहे परन्तु एम.वाई. फेक्टर को पूर्णरूपेण ध्वस्त कर अन्य सभी वर्गो को एकजुट रखने की बनायी गयी कुशल रणनीति के सारथी महायोद्दाओं में प्रमुख रहे उत्तर प्रदेश सरकार में दर्जा राज्यमंत्री रहे वैश्य शिरोमणि स्वर्गीय श्री गेंदालाल गुप्ता के कनिष्ठ पुत्र नगर पालिका परिषद के चेयरमैन ब्रजेश गुप्ता उर्फ राजू एवं भाजपा के शीर्ष कद्दावर नेता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डा. अशोक रत्न शाक्य के मस्तिष्क पर पुन्ः स्वर्णिम ऐतिहासिक विजय की कल्पना का भाव साकार नजर आ रहा था , और अन्ततः जैथरा क्षेत्र में सपा उम्मीदवार रामेश्वर सिंह यादव पूर्व विधायक को मतगणना में कडी टक्कर देने के बाद जैसे ही अलीगंज के ग्रामीण क्षेत्र का प्रारम्भ हुआ तो फिर चहुंओर भगवा रगं ने अपनी दस्तक देकर समूचे क्षेत्र में भगवा परचम लहराकर भाजपा का झंडा बुलंद करते हुऐ माननीय विधायक पद के ताज का ठा. सत्यपाल सिंह राठौर को पुन्ः सरताज घोषित कर दिया !

भारत सरकार के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिहं सहित उत्तर प्रदेश सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा तथा उत्तर प्रदेश भाजपा प्रमुख स्वतंत्र देव सिहं के कुशल निर्देशन में लडे गऐ विधान सभा के इस चुनाव में यह स्पष्ट रूप से देखने में आया कि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की प्रत्येक वर्ग के गरीब परिवारों के लिए क्रियान्वित की गयी योजनाओं ने ग्राउन्ड जीरो पर आम आदमी को सीधा सीधा मोदी योगी के जरिये भाजपा से जोड दिया ! चाहे निशुल्क राशन योजना हो या फिर प्रधानमंत्री आवास योजना अथवा स्वास्थ्य उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड योजना हो या बहिन ,बेटी ,व्यापारियों व आम आदमी के लिए सुरक्षा योजना हो, इन सभी का व्यापक असर 2022 के विधान सभा सामान्य निर्वाचन में देखने को मिला तथा एक दो वर्ग विशेष के मतदाताओं को छोडकर जाति धर्म से ऊपर उठकर आम आदमी ने मोदी योगी कार्ड खेलते हुए विकास एवं सुरक्षा को तरजीह दी ! यही कारण रहा कि अलीगंज विधान सभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार ठा. सत्यपाल सिंह राठौर विधायक को पुन्ः शानदार विजय हासिल कराने के लिए जहां भाजपा के क्षेत्रिय क्षत्रपों एवं चुनावी भूमिका में सारथी बनकर जमीन पर उतरने की बनायी गई कुशल रणनीति ने विपक्ष को चारों खाने चित्त करने पर मजबूर किया

## अधिवक्ताओं के हित के लिए संघर्ष जारी रहेगा:-धर्मेन्द्र सिंह

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- कलेक्ट्रेट बार एटा में इलाहाबाद बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह के आगमन पर अधिवक्ता हितों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन हुआ ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन एटा के अध्यक्ष श्री सत्येंद्र सिंह चौहान ने की, और संचालन पंकज उपाध्याय एडवोकेट ने किया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पधारे इलाहाबाद बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं के हित के लिए उत्तर प्रदेश के भ्रमण पर हूं ।जगह-जगह कार्यक्रमों के माध्यम से अधिवक्ताओं की समस्याओं को सुनने का मौका मिल रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम एटा के अधिवक्ताओं की सारी समस्याओं को उच्च स्तर पर रखेंगे, चाहे वह जिला न्यायाधीश से लेकर एटा बार के अधिवक्ताओं के बीच संघर्ष का प्रकरण हो या फिर अधिवक्ताओं का कॉमन वेलफेयर हो, सामाजिक अन्याय में भी कानूनी कलम से हम अधिवक्ताओं को आगे आना होगा। इस अवसर पर प्रथम वक्ता के रूप में कु0 सत्येंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि जिला न्यायाधीश और एटा बार आंदोलन के बारे में न्यायाधीश की हठधर्मिता और गलत निर्णय तथा ओथकमिश्नर ओं का बिना बार की इच्छा से बिना पूछे ही चेहरा देखकर उनकी नियुक्ति करना उचित नहीं है। इसलिए मैं उपाध्यक्ष महोदय से जो आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भी हैं इस ओर ध्यान के लिए चाहूंगा ,कि वह इस प्रकरण का भी संज्ञान लें ,एडवोकेट अशोक सिकरवार ने भी अधिवक्ता हितों की बात कही, तथा अधिवक्ता उपेंद्र पाल सिंह एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष कलेक्टर बार ने कहा कि ग्रेजुएट अधिवक्ता झोपड़ी में बैठकर मजदूरी के तरीके से कार्य कर रहा है। लोकतंत्र के लिए यह शर्म की बात है ।सरकार को अधिवक्ताओं के प्रति सरकार को गंभीर होना चाहिए, हम अधिवक्ताओं को अपने क्षेत्राधिकार में रहकर कार्य करना चाहिए अधिवक्ताओं के हित के लिए कम से कम साल में 1-2 वार्षिक सम्मेलन होने चाहिए, और उन्होंने न्याय व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्वालिफाइड और ईमानदार जजेज आने चाहिए ।जिससे कि वादों को पेंडिंग रखा जा रहा है।उनको जल्द से जल्द न्याय व्यवस्था पर उचित निर्णय लेकर उनका समाधान किया जाए। लंबित प्रकरणों में न्यायिक अधिकारियों की जवाबदेही होनी चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्तागणों में राम नरेश मिश्रा ,आरती एडवोकेट, गुरदीप सिंह टाइटलर, प्रशांत ,रमेश बाबू यादव, देवेंद्र कुमार लोधी, दिनेश यादव ,शैलेंद्र कुमार एडवोकेट, कृष्ण पाल सिंह, कौशल किशोर, कु0 सत्येंद्र सिंह ,उदय राज सिंह सोलंकी ,अनिल भारद्वाज ,श्याम गुप्ता, अर्जुन यादव ,अशोक सिकरवार, विनोद यादव, राजीव चौहान, सियाराम सिंह, ऋषि कुमार ,अवनीश कुमार ,देशराज सिंह सुमन, जगन वाष्णेय, राधारमण वाष्णेय, उपेंद्र पाल सिंह, श्याम गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार सिंह,आदिअधिवक्तागण मौजूद रहे।

## अमृत महोत्सव के संदर्भ मे अभाविप ने चितरंगी नगर मे तिरंगा यात्रा






रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चितरंगी नगर इकाई द्वारा आजादी के 75 वे वर्ष के अमृत महोत्सव के तहत पूरे शहर मे 251 फीट कि तिरंगा निकली गई जो पूरे शहर मे निकली इस कार्यक्रम के प्रभारी जीले के सह संयोजक सुशील कुमार साकेत थे कार्यक्रम के समापन मे मंच स्तरीय कार्यक्रम सामुदायिक भवन चितरंगी मे समापन हुवा तिरंगे के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया कार्यक्रम मे प्रांत सह मंत्री धीरज सिंह, ज़िला सयोजक राहुल महाजन ज़िला सह संयोजक सुशील कुमार साकेत, प्रांत कार्यकारणी सदस्य बृजेश बैस नगर सह मंत्री, पूर्व विभाग आयोजक उमाशंकर बैस, पूर्व तहसील संयोजक लक्ष्मण बैस ह्यद्व्ह्य प्रमुख बासुदेव गुप्ता, अंबिकेश दुवेदी, नगर सह मंत्री अमन जैसवाल, नगर सह मंत्री अनिल कुमार साकेत विद्यालयीन प्रमुख प्रिंस गहरवार, पूर्व नगर मंत्री विक्रम गुप्ता, नगर छात्रा प्रमुख राधा यादव, राम विचारे साकेत, शिवशंकर, चोटकू, गोलू, अनूप सिंह, सुनील सिंह, राज गुप्ता, लप्पू बैस, सहित तमाम कार्यकर्ताओ के साथ यात्रा समापन हुवा।

## ग्राम पंचायत करीं में कृषि विभाग के द्वारा किसानों को ग्रीष्मकालीन मक्का बीज का नि:शुल्क वितरण किया गया



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- किसानों को मिट्टी परीक्षण के बारे में जानकारी दी गई ओड़गी-विकास खंड के दूरस्थ गांव करीं में शुक्रवार को कृषि विभाग के द्वारा ग्रीष्मकालीन मक्का बीज का वितरण किया गया। जिसमें वहां उपस्थित किसानों के बीच लगभग 80 पैकेट मक्का का वितरण किया गया। मिट्टी परीक्षण के बारे में भी किसानों को जानकारी दी गई। ओड़गी ब्लाक अतिरिक्त विरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी राजेश चौधरी ने किसानों को बताया कि किसान भाईयों को फसल उगाने से पहले मट्टी का परीक्षण करना चाहिए. इससे भूमि में उपलब्ध नाईट्रोजन फॉस्फोरस, पोटाश आदि तत्वों और लवणों की मात्रा और पी. एच. मान का पता चलता है. इसके साथ ही भूमि की भौतिक बनावट भी मालूम पड़ती है. जो फसल बोना हैं, उसमें खादों की कितनी मात्रा डालना है इसकी जानकारी मिलती है.इस मौके पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बीसी धुर्वे,नूतन प्रतिक एक्का,आशीष साहू, सरपंच पति रामसिंह,पटेल प्रेमसुन्दर व किसान भाई उपस्थित रहे।

## एक तरफा प्रेम में सरफिरे युवक ने छात्रा को गोली मारकर खुद को भी मारी गोली, युवक की हुई मौत छात्रा की हालत गंभीर

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- सरजपुर जिले के प्रेमनगर में कालेज की एक छात्रा को सरफिरे युवक ने गोली मार कर खुद को भी गोली मार ली है.. छात्रा को गम्भीर अवस्था मे अम्बिकापुर ले जाया गया है.जहाँ से उसे रायपुर रेफर किया गया घटना प्रेमनगर की है वहाँ के कॉलेज की फायनल ईयर छात्रा अनामिका साहू आज रोज की भांति कालेज पहुँची थी और केपम्पस में सहेलियों के साथ बैठी हुई थी कि संजय भगत नामक युवक पहुँचा ओर उसकी सहेलियों को वहां से भाग जाने को बोलते हुए कट्टा निकाल कर अनामिका पर फायर कर दिया जो उसके पेट मे लगी और खून का धार निकल पड़ा जिससे वहाँ अफरा तफरी मच गई इधर युवक ने भी खुद को गोली मार ली जिससे उसकी मौत हो गई जबकि छात्रा को अम्बिकापुर ले जाया गया है वहाँ से इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया. इस घटना को लोग एकतरफा प्रेम प्रसंग बता रहे. गंभीर रूप से घायल छात्रा और मृतक युवक दोनों प्रेमनगर के केदारपुर गांव के है छात्रा अनामिका साहू प्रत्येक दिन की तरह आज अपने सहेलियों के साथ कालेज पहुची वही समीप देवालय के पास बने प्रतीक्षा सेड में बैठे थे इसी बीच करीब 11 बजे संजय भगत आया और कट्टा निकाल कर फायर कर दिया उसके बाद वह खुद को भी गोली मारकर खुदखुशी कर लिया. गोली की आवाज सुनते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी का माहौल बन गया और घटना स्थल पर लोगो की भीड़ लग गई.मौके पर पहुची पुलिस ने मृतक का शव पंचनामा पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया.

## कुदरगढ़ मेले में श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर सुविधाएं


रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ चैत्र नवरात्र मेला व्यवस्था की तैयारी के संबंध में अध्यक्ष लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ एवं कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के निर्देश में जिला पंचायत सीईओ राहुल देव के द्वारा आज समुदायिक भवन कुदरगढ़ में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक भटगांव क्षेत्र श्री पारसनाथ राजवाडें, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक, एस.डी.एम. भैयाथान, महिला विकास अधिकारी, तहसीलदार, पुलिस विभाग के एसडीओपी, ट्रस्ट के अध्यक्ष, सदस्यगण, जनप्रतिनिधि, विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान माथे पर तिलक लगाकर एवं देवी माँ की पट्टी पहनाकर किया गया। बैठक में आगामी चैत्र नवरात्र में मेला संचालन के हेतु बैठक का एजेण्डा उपस्थित सदस्यों के बीच रखा गया जिस पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए बिन्दुवार चर्चा करते हुए क्रियान्वयन के संबंध में निर्णय लिया गया। बैठक में विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने कुदरगढ़ चैत्र नवरात्र मेला में श्रद्धालुओं को पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी व समन्वय के साथ मेले की तैयारी व्यवस्थित तरीके से करने पर जोर दिया। उन्होंने कमियों को तत्काल दूर कर ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। जिला पंचायत सीईओ राहुल देव ने कहा कि चैत्र नवरात्र मेला को सफल करने के लिए सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। बेहतर व्यवस्था श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में बिन्दुवार चर्चा करते मेला अवधि, बिजली व्यवस्था ,लाइट व्यवस्था, सोलर लाइट की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, शौचालय की बेहतर सुविधा, पानी व्यवस्था, ज्योति कलश की व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही जिला सीईओ ने कहा की प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन हर संभव सभी क्षेत्रों में सहयोग करेगा। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए दुरूस्थ करने व मंदिर के नीचे स्क्रीन डिस्पले, एलइडी स्क्रीन लगाने एवं श्रद्धालुओं के बेहतर सुविधा के लिए शौचालय को मरम्मत करने, साफ सफाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी सदस्यों बातों को सुनकर सभी के सहयोग से कार्यक्रम को सफल करने की बात कही।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# बाजार व चौराहो पर परचून दुकान व होटलो पर छापेमारी किया-फूड इंस्पेक्टर



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती खबर का हुआ असर फूड विभाग ने लिया संज्ञान रविवार को फूड स्पेक्टर के द्वारा होटल व परचून की दुकान पर मिलावटी सामान बिक्री होने की खबर प्रकाशित शनिवार को हुई थी की तत्काल प्रभाव से फूड विभाग संज्ञान में लेते हुए बीरगंज बाजार व चौराहो पर परचून दुकान व होटलो पर छापेमारी किया और सैंपल भी भरा इस संबंध में फूड इंस्पेक्टर ने बताया कि मिलावटी सामान बिक्री करने वाले पर कार्रवाई की जाएगी और सैंपल भी लिया जा रहा है इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही करना किया जायेगा । यदि खाद्य सामग्री में बेसन तेल य अन्य सामानों में मिलावटी पाई जाती है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई तत्काल प्रभाव से की जाएगी होटलों पर खोया व परचून दुकान पर मिलावटी सामान की भी सैंपल लिया गया है ।

# पेट्रोल पंप में एस्ट्रा प्रीमियम के नाम पर ग्राहकों से धोखा धडी



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा-बांदा शहर के जेल रोड तिराहे पर स्थित बी एल शुक्ला एंड संस के इंडियन आयल पेट्रोल पंप में पीछे लगी मशीन में दो नेजुल से एस्ट्रा प्रीमियम का पेट्रोल 100.28पर लीटर ठीक इसी मशीन में बगल लगे नेजूल से सादा पेट्रोल 96.23रुपए पर लीटर है। अब खेल यही से शुरू होता है पेट्रोल पंप में भीड़ के समय जल्दी जल्दी पेट्रोल भरते कर्मचारी कभी इस नेजुल से तो कभी दूसरे नेजुल से भरकर पैसे लेकर भोले भाले ग्राहकों को चुना लगा है। इसी प्रकार आज अविनाश चंद्र दीक्षित अपने मित्र राहुल दिवेदी के साथ साढ़े दस बजे पेट्रोल डलवाया तीन सौ रुपए में मात्र 2.98 लीटर मिलने पर कर्मचारी से पूछा की कब से बढ़ गया कर्मचारी ने उत्तर दिया आज रात से आज ही अविनाश चंद्र दीक्षित ने दोबारा मवई ग्राम के पास पेट्रोल पंप से तीन सो का पेट्रोल दोबारा डलवाया तो 3.12 लीटर मिलने से तुरंत उसका बिल निकलाने के बाद कुछ मीडिया कर्मियों के साथ जेल तिराहे पर स्थित पेट्रोल पंप पहुंच कर लोकेशन के साथ वीडियो बनाए गए । साथ ही पेट्रोल पंप की मालकिन से पेट्रोल पंप में एक्स्ट्रा प्रीमियम का कोई बोर्ड या कर्मचारी द्वारा हर गाड़ी में पेट्रोल डालने से पूछना चाहिए की सादा पेट्रोल डालना है या प्रीमियम वाला कुछ भी बिना पूछे ग्राहकों से 100.28रुपए दिखा कर ग्राहकों से धोखाधड़ी की जा रही है। बताया गया तो मैडम शुक्ला ने गलती को स्वीकारते हुए शेष पेट्रोल डलवाने की बात कही। मगर जब इस तरह से ग्राहकों से धोखा धडी किए जाने की बात संबंधित अधिकारी को बताने के लिए फोन संपर्क करना चाहा तो उनका फोन नही लगा। अब देखने वाली बात है की क्या इस पेट्रोल पंप में इसी तरह पर लीटर चार रुपए से ज्यादा की धोखा धडी इसी तरह चलती रहेगी या बांदा जिला प्रशासन किस तरह की कारवाई करता है आने वाला समय ही बताएगा

# खाद्यान्न न मिलने से नाराज लाभार्थियों ने किया प्रदर्शन



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती जिले के ब्लॉक जमुनहा क्षेत्र अंतर्गत धूमबोझी गांव में लाभार्थियों को खाद्यान्न न मिलने से आंगनबाड़ी कार्यकत्री लजावती के खिलाफ प्रदर्शन किया गांव की महिला लाभार्थियों का आरोप है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा 3 माह का राशन नहीं दिया गया वही आज शनिवार के दिन आंगनबाड़ी कार्यकत्री केंद्र पर चौथे माह का खाद्यान्न लाभार्थियों में वितरण कर रही थी सभी महिला लाभार्थियों ने पिछले 3 माह का भी खाद्यान्न की मांग की खाद्यान्न न मिलने से नाराज महिला लाभार्थियों ने प्रदर्शन किया लाभार्थियों द्वारा पिछले 3 माह का खाद्यान्न मांगने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने लाभार्थियों को धमकाते हुए कहा कि कहीं भी जाओ किसी से किसी से भी शिकायत करो कहीं कुछ होने वाला नहीं है जिससे नाराज महिला लाभार्थियों ने आंगनबाड़ी के खिलाफ आंगनबाड़ी केंद्र पर ही प्रदर्शन कर किया जांच की मांग इस दौरान सुनितदेवी पत्नी जितेंद्र कुमार रानी देवी पत्नी राकेश अनिता देवी पत्नी घनश्याम शालनी देवी पत्नी अमर बहादुर ऊषा देवी पत्नी प्रकाश सहित काफी संख्या में महिला लाभार्थी रही मौजूद

# नमक ने बिगाड़ा होली पर राशन वितरण



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्ड पर निन्शुल्क राशन का वितरण माह में दो बार चल रहा है। जिस में निरंतरता चलती आ रही थी। इस माह जनपद में 10 दिन होने के बावजूद भी आज 12 दिनांक है, लेकिन किसी भी राशन की दुकान पर वितरण नहीं हो पा रहा है। सूत्रों के हवाले से खबर मिली है, कि गोदाम पर फ्री मिलने वाला नमक अभी तक नहीं आया है। इस कारण से रिफाइंड और साबुत चना भी नहीं उठ पा रहा है। वहीं दूसरी ओर गेंहू और चावल की गाड़ियां गोदाम पर आ चुकी है और इसका उठान भी हो चुका है। एस.एम.आई भगवत स्वरूप अग्रवाल ने बताया कि गोदाम पर चावल एवं गेहूं की आपूर्ति हो चुकी है। राशन डीलरों को इसका उठान भी कराया जा चुका है। गोदाम पर चना व रिफाइंड भी पहुंच चुकी है लेकिन फ्री मिलने वाला नमक अभी तक नहीं आया है। पूरे प्रदेश में 6 तारीख से 18 तारीख तक पाँच खाद्य वस्तुओं का वितरण निशुल्क किया जाना था। प्रदेश के अन्य गोदामों पर वस्तुओं की आपूर्ति हो चुकी है। वहां वितरण सुचारू रूप से चल रहा है लेकिन एटा में आज 13 तारीख होने के बावजूद भी राशन कार्ड वितरण नहीं हो पा रहा है। कार्ड धारक निरंतर राशन डीलर से संपर्क बनाए हुए हैं और बहुत से कार्ड धारक अपनी संबंधित दुकान पर राशन लेने के लिए पहुंच रहे हैं। उन्हें वहां ताला लगा मिलने से उन्हें निराशा हाथ लग रही है। वहीं राशन डीलरों से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि गोदाम पर पूर्ण सामग्री नहीं होने से राशन वितरण करने में नहीं आ रहा है। बहुत से कार्ड धारक किस-कयास लगाए हुए हैं कि शायद इस बार होली से पूर्व पूरा राशन मिल पाएगा या नहीं। वहीं दूसरी ओर जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि मंगलवार से सुचारू रूप से वितरण प्रारंभ हो जाएगा, लेकिन गोदाम पर जब तक नमक नहीं आएगा यह वितरण संभव नहीं है। वहीं साबुत चना व रिफाइंड नहीं आने से भी राशन वितरण में देरी हो रही है। इस मामले में अधिकारी भी कोई जबाव देने से कतरा रहें है।

# होली त्योहार के मद्देनजर थाना गिलौला में पीस कमेटी की बैठक



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देशानुसार उप जिलाधिकारी इकौना व क्षेत्रधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा द्वारा थाना गिलौला परिसर में आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र के ग्राम प्रधान, बीडीसी व अन्य संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई। मीटिंग में उपस्थित सभी संभ्रांत लोगों से वार्तालाप कर समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने व पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही साथ कोविड-19 से सुरक्षा एवं बचाव के दृष्टिगत सामाजिक दूरी का पालन करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति अराजकता फैलाने की कोशिश करें तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। जिससे समय रहते कार्यवाही की जा सके।

# बाइक सवार ने घर जा रही बच्ची को मारी पीछे से टक्कर



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा-बांदा शहर कोतवाली से सटी ग्राम पंचायत मवई बुजुर्ग में बाइक सवार ने पैदल घर जा रही 3 वर्षीय रोशनी पुत्री जगरूप वर्मा को तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगाने से बच्ची बुरी तरीके से हुई घायल आनन-फानन में परिजनों ने घायल बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है जहा उसका इलाज चल रहा है मामले की जानकारी कृषि विश्वविद्यालय चौकी पुलिस को दी गई है

# शपथ ग्रहण से पहले यूपी में छाया CM योगी का बुलडोजर बाबा रूप, बनारस में टैटू गुदवा रहे युवा





उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ बुलडोजर चलाने का स्लोगन देकर बहुमत से सत्ता में लौटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके समर्थकों ने बुलडोजर बाबा का नया नाम दे दिया है। शपथ ग्रहण से पहले अब यह नाम और बुलडोजर बाबा का क्रेज युवाओं के बीच खुलकर नज़र आ रहा है।

सीएम योगी को लेकर उत्साह इस कदर है कि वाराणसी में कई युवाओं ने अपने हाथों पर बुलडोज़र का टैटू गुदवा लिया है।अस्सी क्षेत्र में टैटू बनाने वाले के यहां पिछले दो-तीन दिन से ग्राहकों की संख्या बढ़ गई है। युवाओं के बीच सर्वाधिक मांग बुलडोजर बाबा वाले टैटू की है। टैटू आर्टिस्ट सुमित ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत आने के बाद से लोग बुलडोज़र का टैटू और बुलडोज़र बाबा का नाम गुदवा रहे हैं। भाजपा समर्थक सुनील कुमार ने कहा- जब से हमारे योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने हैं, तबसे लगातार माफियाओं पर कार्यवाही करते हुए बुलडोज़र चलवा रहे है। साथ ही हमारी बहन-बेटियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो गई है। उनके दोबारा मुख्यमंत्री बनने की खुशी में अब मैंने अपने हाथ पर बुलडोजर और बुलडोजर बाबा के नाम का टैटू बनवा लिया है। सुनील ने कहा कि पूरे देश में बुलडोजर बाबा छाये हुए हैं।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# अगर कांग्रेस नहीं होती तो ममता बनर्जी जैसे लोग पैदा नहीं होते, BJP की एजेंट हैं वो: भड़के अधीर रंजन चौधरी



कांग्रेस के सीनियर नेता अधीर रंजन चौधरी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी पर शनिवार को जमकर निशाना साधा। उन्होंने यहां तक कह दिया कि अगर कांग्रेस नहीं होती तो ममता बनर्जी जैसे लोग पैदा नहीं होते। उन्हें यह याद रखना चाहिए। अधीर रंजन ने कहा, आप कांग्रेस के खिलाफ टिप्पणी क्यों कर रही हैं? अगर कांग्रेस नहीं होती तो ममता बनर्जी जैसे लोग पैदा नहीं होते। उन्हें यह याद रखना चाहिए। वे बीजेपी को खुश करने के लिए गोवा गईं, उन्होंने कांग्रेस को हरा दिया। आपने गोवा में कांग्रेस को कमजोर किया, यह सब जानते हैं। कांग्रेस नेता ने ममता बनर्जी पर भाजपा के एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगाया। अधीर रंजन ने कहा, वे (ममता बनर्जी) भाजपा को खुश करने और भाजपा के एजेंट के रूप में काम करने के लिए ऐसा कह रही हैं। प्रासंगिक बने रहने के लिए वह इस तरह की बातें कहती हैं। पागल व्यक्ति को जवाब देना सही नहीं है, पूरे भारत में कांग्रेस के 700 विधायक हैं। दीदी के पास हैं? कांग्रेस के पास विपक्ष के कुल वोट शेयर का 20त्न है। क्या उनके पास है?

# मायावती को जांच एजेंसियों का डर दिखाकर कर दिया साइलेंट, तब जीती भाजपा- शिवसेना



उत्तर प्रदेश, गोवा, मणिपुर और उत्तराखंड में भाजपा की जीत को लेकर शिवसेना ने भगवा पार्टी के खिलाफ तीखा हमला बोला है। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना के जरिए बीजेपी पर बसपा प्रमुख मायावती पर दबाव बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। इसमें लिखा गया है कि यूपी चुनावों में बसपा की उपस्थिति महज औपचारिकता थी। पार्टी प्रमुख मायावती को चुनावों से दूर रहने के लिए मजबूर किया गया। मायावती की बसपा यूपी चुनाव से भाग गई और उनके वोटों को भारतीय जनता पार्टी की ओर मोड़ दिया गया। संपादकीय में कहा गया है, मायावती कभी उत्तर प्रदेश की राजनीति में रोड़ा बनकर घूमती थीं, लेकिन अब आय से अधिक संपत्ति के मामले में केंद्रीय एजेंसियों से दबाव बनाकर उन्हें चुनाव से दूर रहने के लिए मजबूर कर दिया गया। जिस पार्टी ने कभी उत्तर प्रदेश में अपने दम पर सत्ता हासिल की थी, उसने राज्य की 403 विधानसभा सीटों में से केवल एक पर जीत हासिल की है। क्या कोई इसे स्वीकार कर सकता है?

## भाजपा की जीत में केंद्रीय जांच एजेंसियों का दबाव प्रमुख कारक

शिवसेना ने दावा किया है कि राज्य चुनावों में भाजपा की जीत में केंद्रीय जांच एजेंसियों का दबाव प्रमुख कारक साबित हुआ। सामना में कहा गया है कि मायावती केंद्रीय एजेंसियों के दबाव का ज्वलंत उदाहरण हैं। चार राज्यों में जीत की खुशी ने भाजपा और उसके नेताओं को बेचैन कर दिया है। आर्टिकल में पार्टी की जीत का जश्न मनाने वाले महाराष्ट्र भाजपा नेताओं पर निशाना साधा गया है। इसमें कहा गया है कि जैसे ही उत्तर प्रदेश में जीत हासिल हुई, महाराष्ट्र के भाजपा नेताओं ने कहना शुरू कर दिया कि उत्तर प्रदेश की झांकी खत्म हो गई है, महाराष्ट्र अभी बाकी है।


## भाजपा अब पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ाने के लिए स्वतंत्र

सामना में आरोप लगाया कि चार राज्यों में जीत को देखते हुए, भाजपा अब यूक्रेन युद्ध के नाम पर पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ाने के लिए स्वतंत्र है। लेख के अनुसार, भाजपा को बहुमत के जादुई आंकड़े (यूपी में) से 60 सीटें ज्यादा मिलीं और इसके लिए पूरी केंद्रीय सत्ता दांव पर लगी थी। केंद्रीय एजेंसियां महाराष्ट्र में राजनीतिक नेताओं के पीछे जा रही हैं। इसमें तंज करते हुए सवाल किया गया कि आखिर केंद्रीय जांच एजेंसियां केवल राजनीतिक विरोधियों के लिए निष्पक्ष क्यों हैं?

# ठाकुरद्वारा नगर पालिका ने चलाया सफाई अभियान

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा नगर पालिका परिषद के अंतर्गत ठाकुरद्वारा नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें नालियों व गलियों की सफाई की गई संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए संचारी रोग नियंत्रण



अभियान चलाया जा रहा है नगर पालिका परिषद को नगर में साफ-सफाई व जलभराव और लार्वा नाशक दवा के छिड़काव कराया गया अभियान के अंतर्गत शनिवार को नगर पालिका की टीम ने नगर के वार्ड 13 के सेक्टर न05 सेक्टर न06 कमलापुरी चुंगी से रामपाल द्वार वे वार्ड नं0 16 नई बस्ती में भी विशेष अभियान चलाया जिसमें मुहल्ला की विभिन्न सड़कों पर खाली प्लाटों पर सफाई की गई वार्ड की गलियों में दवा का छिड़काव भी किया गया। कचरा का उठान किया गया। खान, देवेन्द्र ,राजकुमार, आकेश कुमार रजनीश कुमार , शक्ति , देव सिंह, आजम , जावेद मलिक , नकुल, अमन अक्षय ,आकाश, सचिन आदि रहे

## आलू का समर्थन मूल्य घोषित न होना किसानों की बड़ी दिक्कत

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - आलू को लेकर कहावत है कि आलू का घाटा आलू से पूरा होता है। कभी आलू का कोई मोल नहीं होता है तो कभी आलू रंक से राजा बना देता है। क्षेत्र में आलू की जिस तरह पैदावार होती है उसी तरह भाव मिल जाए तो नुकसान की नौबत ही न आए। कभी किसी नेता ने आलू को मुद्दे के रूप में नहीं लिया। आलू किसानों के साथ सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि उसका समर्थन मूल्य घोषित नहीं होता अगर किसानों को आलू की सही भाव व प्लेटफार्म मिल जाए तो उनकी दशा सुधार जाए। इसके लिए किसान चाहते हैं कि इगलास में आलू बिक्री के लिए मंडी स्थापित की जाए।

## चोरी की मोटरसाइकिल और तमंचा सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - थाना अतरौली पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान अभियुक्त दीपक पुत्र देवा निवासी मोहल्ला मुबारक कस्बा जलाली थाना हरदुआगंज व प्रमोद पुत्र किशन कुमार निवासी मौहल्ला चामड़ कस्बा जलाली थाना हरदुआगंज को चोरी की एक मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा, कारतसू सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## भाजपा फैन युवक ने पूरे दिन फ्री में की जूते-चप्पल पॉलिश

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - उत्तर प्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत हुई। फिर योगी सरकार आने की खुशी लोग अलग ही अंदाज में मना रहे हैं। एक मोची ने दिनभर फ्री में पॉलिश करने व पुराने जूते-चप्पल ठीक करने का कार्य किया, तो वहीं एक दुकानदार ने एक के साथ एक फ्री समोसा व टिक्की देकर योगी सरकार में सबका साथ सबका विकास से प्रभावित होने का प्रमाण दिया।

# गोरखपुर में पनवेल एक्सप्रेस में लगी आग, जलती बोगी को काटकर अलग किया गया



गोरखपुर में पनवेल एक्सप्रेस की एक बोगी में उस वक्त आग लग गई जब उसे सफाई के लिए बौलिया रेलवे कॉलोनी स्थित वाशिंग पिट में खड़ा किया गया था। देखते ही देखते आग की ऊंची-ऊंची लपटों ने पूरी बोगी को चपेट में ले लिया। कर्मचारियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए जल रही बोगी को काटकर अलग किया और बड़ा हादसा होने से बचा लिया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। इस बारे में मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि घटना के कारणों की जांच का आदेश दे दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पनवेल से गोरखपुर आने के बाद पनवेल एक्सप्रेस को सफाई के लिए वाशिंग पिट में भेज दिया गया था। शाम पांच बजे से ट्रेन खड़ी थी। रात में 12 बजे के करीब उसे वाशिंग के लिए पिट पर लाया गया। ट्रेन की सफाई का काम चल ही रहा था कि दो बजे के आसपास अचानक एक कोच में आग लगी दिखाई पड़ी। देखते ही देखते आग की ऊंची-ऊंची लपटों ने पूरी बोगी को चपेट में ले लिया। ट्रेन में आग लगने की सूचना पर आनन-फानन में दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के काम में जुट गईं। इस बीच पिट में तैनात कर्मचारियों ने आग की चपेट में आ चुकी बोगी को काटकर अलग कर दिया और पूरी ट्रेन को आग की चपेट में आने से बचा लिया।

## जलकर खाक हुई बोगी

जिस बोगी में आग लगी थी वो बुरी तरह जलकर राख हो चुकी है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच के लिए एक कमेटी बनाई गई है। कमेटी जांच के बाद अपनी रिपोर्ट देगी। इसके बाद इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# EVM पर फिर बोले अखिलेश यादव, सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति से गुहार



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुकाबले करारी हार का सामना करने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष ने EVM को लेकर वायरल ऑडियो को लेकर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति से संज्ञान लेकर सुरक्षा देने की मांग की है। अखिलेश यादव ने ट्वीट किया, "EVM बदले जाने को लेकर एक चुनाव अधिकारी की किसी से बात की जो ऑडियो रिकार्डिंग सोशल मीडिया पर चल रही है, मा. उच्चतम न्यायालय और राष्ट्रपति महोदय उसका संज्ञान लें व सरकार संबंधित व्यक्ति को तुरंत संपूर्ण सुरक्षा दे। किसी एक व्यक्ति का जीवन हमारे लिए सरकार बनाने से ज्यादा अहम है। रअसल, सोशल मीडिया पर दो व्यक्तियों की बातचीत का ऑडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक व्यक्ति खुद को टीचर बताते हुए कहता है कि उसकी चुनाव में ड्यूटी लगी थी और उसने देखा कि ईवीएम बदल दिए गए। वह दावा करते हुए कहता है कि सपा की सरकार नहीं आएगी, बीजेपी जीतने जा रही है, क्योंकि ईवीएम बदल दिए गए हैं। वह खुद को सपा समर्थक बताते हुए कहता है कि स्ट्रॉन्ग रूम में पहुंचने से पहले ईवीएम बदल दिए गए। हिन्दुस्तान इस वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी और खुद इसके मुखिया अखिलेश यादव एग्जिट पोल्स के बाद से ही ईवीएम और काउंटिंग में धांधली का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने बकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। सपा के कई नेताओं के अलावा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी आरोप लगाया है कि सपा को गड़बड़ी करके हराया गया। गुरुवार को आए नतीजों में भाजपा गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला तो सपा को हार का सामना करना पड़ा है। भजपा गठबंधन को 273 सीटें हासिल हुईं तो सपा गठबंधन 125 सीटों पर सिमट गया।

# नई सरकार के गठन की तैयारी: हारे विधायकों से वापस लिए जाएंगे आवास, स्वामी प्रसाद का सरकारी बंगला हो रहा खाली




यूपी में योगी सरकार पार्ट-2 के गठन की तैयारी शुरू हो गई है। इस बीच लखनऊ में हारे हुए विधायकों से आवास खाली कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शुरुआत स्वामी प्रसाद मौर्य के बंगले से हो गई है। शुक्रवार की रात से स्वामी प्रसाद मौर्य का बंगला खाली हो रहा है। नए जीते विधायकों को आवास आवंटन को लेकर प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। गौरतलब है कि स्वामी प्रसाद बतौर मंत्री लखनऊ में कालीदास मार्ग स्थित मंत्रियों के सरकारी आवास में रहते थे। इसी मार्ग पर मुख्यमंत्री आवास ( 5,कालीदास मार्ग ) भी है। स्वामी, लंबे समय तक मंत्री रहे हैं। जाहिर है सरकारी बंगले में उन्होंने कई साल गुजारे हैं लेकिन इस बार चुनावों में पराजय का मुंह देखने के बाद उन्हें सरकारी बंगला खाली करना पड़ रहा है। नई सरकार के गठन के साथ ही विधायकों और नए मंत्रियों के आवास को लेकर सम्पत्ति राजस्व विभाग सक्रिय हो जाता है। इस बार भी विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव में हारे और जीते विधायकों की लिस्ट के साथ बंगलों के आवंटन से पहले उन्हें खाली कराकर छोटी-मोटी मरम्मत कराई जाएगी। बंगलों को आवंटित करने से पहले पूरी तरह तैयार किया जाएगा। इसी के तहत हारे हुए विधायकों से आवास खाली कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## स्वामी ने बीजेपी पर फिर बोला हमला

स्वामी प्रसाद मौर्य ने नतीजों में हार के बाद एक बार फिर बीजेपी पर हमला बोला है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह समाजवादी पार्टी के साथ है और समय-समय पर सरकार को घेरते रहेंगे। यही नहीं स्वामी ने सांप-नेवला वाला अपना बयान दोहराया और कहा कि नेवला हमेशा बड़ा होता है और मैं आज भी नेवला हूं और बीजेपी रूपी नाग और सांप को एक न एक दिन खत्म कर दूंगा। इस बार नागर और सांप ने मिलकर नेवले को जीतने नहीं दिया, लेकिन इस बार जो कमी रह गई, उस पर विचार होगा।

## सपा को जितवाने का दावा किया, अपनी सीट भी नहीं बचा पाए स्वामी

स्वामी प्रसाद मौर्य ने ऐन चुनाव से पहले भाजपा का साथ छोड़ने और सपा का दामन थामने के बाद अखिलेश की मुख्यमंत्री पद पर ताजपोशी कराने का दावा किया था। उन्होंने कहा था कि वह आज जिस किसी पार्टी में गए, उसकी सरकार बन गई। स?वामी के सहारे अखिलेश यादव को सपा को गैर यादव पिछड़ी जातियों के बंपर वोट मिलने की उम्मीद थी। सपा के रणनीतिकारों को लगा कि स्वामी के आने से वोटों का नया समीकरण बनेगा जो सूबे में उसे सत्ता वापसी कराने में सहायक होगा लेकिन स्वामी खुद अपनी ही सीट नहीं बचा सके।

# हार से भड़कीं मायावती, मीडिया को बताया जिम्मेदार, टीवी डिबेट के बायकॉट का ऐलान



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में करारी हार से सबक सीखने की बात करने वालीं मायावती ने अब मीडिया को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। यही नहीं हार से भड़कीं मायावती ने ऐलान किया है कि उनकी पार्टी टीवी चैनलों की डिबेट्स का बायकॉट करेगी। उन्होंने कहा कि बीएसपी का कोई प्रवक्ता अब टीवी चैनलों में किसी भी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेगा। बीएसपी सुप्रीमो ने ट्वीट कर अपने फैसले की जानकारी दी है। यही नहीं मायावती का कहना है कि मीडिया ने अपने आकाओं के निर्देश पर जातिवादी रवैया दिखा और बीएसपी के मूवमेंट को नुकसान पहुंचाने का काम किया है। मायावती ने ट्वीट किया, यूपी विधानसभा आमचुनाव के दौरान मीडिया द्वारा अपने आकाओं के दिशा-निर्देशन में जो जातिवादी द्वेषपूर्ण व घृणित रवैया अपनाकर अम्बेडकरवादी बीएसपी मूवमेन्ट को नुकसान पहुंचाने का काम किया गया है वह किसी से भी छिपा नहीं है। इस हालत में पार्टी प्रवक्ताओं को भी नई जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके बाद एक अन्य ट्वीट करते हुए मायावती ने लिखा, इसलिए पार्टी के सभी प्रवक्ता श्री सुधीन्द्र भदौरिया, श्री धर्मवीर चौधरी, डा. एम एच खान, श्री फैजान खान व श्रीमती सीमा कुशवाहा अब टीवी डिबेट आदि कार्यक्रमों में शामिल नहीं होंगे। इससे पहले शुक्रवार सुबह ही मायावती ने हार को लेकर कहा था कि अब इससे बुरा बीएसपी के साथ क्या ही होगा। इस हार से हम सबक लेंगे और भविष्य में सत्ता हासिल करने तक निराश नहीं होंगे। यही नहीं मायावती का कहना था कि सपा की ओर से दुष्प्रचार किया गया था कि बीएसपी तो भाजपा की बी टीम है और इसका हमें नुकसान हुआ। मायावती ने कहा कि पूरा मुस्लिम वोट सपा के साथ चला गया और लोगों को डर था कि अब सपा की सरकार आ जाएगी। ऐसे में बीएसपी को मिलने वाला दलित वोटों का बड़ा हिस्सा भाजपा के साथ चला गया। इसी के चलते हमें नुकसान हुआ है। उन्होंने साफ कहा कि मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण की सजा हमें इस चुनाव में मिली है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com


# पंजाब में भगवंत मान के सत्ता संभालने से पहले बड़ा फैसला, पूर्व मंत्रियों व विधायकों की सुरक्षा वापस



चंडीगढ़- भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने से पहले पंजाब पुलिस ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य के सभी पूर्व मंत्रियों व पूर्व विधायकों की सुरक्षा वापस लेने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। यह आदेश एडीजीपी ने सभी पुलिस प्रमुखों को भेजे हैं। पंजाब के नए बनने वाले मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सत्ता संभालने से पहले पूर्व मंत्रियों, पूर्व विधायकों, अलग-अलग राजनीतिक पार्टी के पूर्व अध्यक्षों की सुरक्षा वापस लेने का निर्णय लिया। एडीजीपी सिक्योरिटी पंजाब की ओर इसे लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। पंजाब की पूर्व चन्नी सरकार में मंत्री रहे लगभग सभी विधायकों की सुरक्षा वापस लेने के आदेश जारी किए गए हैं। 400 से ज्यादा अलग-अलग बटालियनों व कमांडो फोर्सेस के कर्मचारी इन वीआइपीज की सुरक्षा में लगे हुए थे। सुरक्षा तत्काल प्रभाव से वापस लेने का आदेश जारी किए गए हैं। पुलिस विभाग की ओर से जारी किए गए आदेशों के मुताबिक 13 पूर्व मंत्रियों, एक पूर्व स्पीकर, एक पूर्व डिप्टी स्पीकर सहित 122 लोगों की सुरक्षा वापस ली गई है। इनमें 100 से ज्यादा पूर्व और मौजूद विधायक हैं।सबसे ज्यादा सिक्योरिटी पंजाब की पूर्व सरकार में मंत्री रहे अमरिंदर सिंह राजा वाडिंग और वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल की वापस ली गई है। मनप्रीत बादल को सुरक्षा दे रहे 19, अमरिंदर सिंह राजा वाडिंग से 21, परगट सिंह से 17, अरुणा चौधरी, राणा गुरजीत सिंह से 14-14 कर्मचारी वापस लिए गए हैं। इनकी भी ली गई सुरक्षा वापस राजकुमार वेरका से 11, भारत भूषण आशू से 16, ब्रहम मोहिंद्रा से 14, संगत सिंह गिलजिया से 15, रणदीप सिंह नाभा से 15, अजैब सिंह भट्टी से 2, राणा केपी सिंह से 13, राजिया सुल्ताना से 4, गुरप्रीत सिंह कांगड से 6, तृप्त राजिंदर बाजवा से 14, सुखविंदर सिंह सकारिया से 14, बिंदरमीत सिंह से 3, सुखपाल सिंह भुल्लर से 4, कुलजीत सिंह नागरा से 2, कुशलदीप सिंह किकी ढिल्लों से 4, हरप्रताप सिंह अजनाला से चार सुरक्षा कर्मचारी वापस ली गई है। बाकी के पूर्व विधायकों, राजनीतिक पार्टियों के पूर्व अध्यक्षों की सुरक्षा में एक से दो पुलिस कर्मचारी तैनात थे। एडीजीपी सुरक्षा की ओर से इस संबंधी आदेशों की प्रतियां स्पेशल डीजीपी स्टेट आर्म्ड पुलिस, कमांडेट जनरल पंजाब होम गार्ड एंड डायरेक्ट सिविल डिफेंस पंजाब, एडीजीपी एसपीयू, एसओजी, सीडीओ, सभी रेंजों के आइजीपी को भेजी गई हैं। इन आदेशों पर तत्काल प्रभाव से काम करने को कहा गया है।

# रूस ने दी धमकी यदि उस पर लगे प्रतिबंध नहीं हटे तो क्रैश हो सकता है इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन

मास्को (एएफपी)। रूस ने धमकी दी है कि उसके खिलाफ लगे पश्चिमी देशों और अमेरिका के प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण बन सकते हैं। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के प्रमुख ने चेतावनी दी, दंडात्मक उपायों को उठाने का आह्वान किया है। आपको बता दें कि जब से रूस और यूक्रेन के बीच जंग शुरू हुई है तभी से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इससे पहले रूस की अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा था कि आईएसएस इन हालातों में भारत या चीन पर गिर भी सकता है। पशचिमी देशों और अमेरिका के लगातार बढ़ते प्रतिबंधों के बीच रूसी अंतरिक्ष एजेंसी ने रोस्कोमोस ने इस बात के भी संकेत दिए हैं कि वो आने वाले समय में अपना स्पेस स्टेशन तक स्थापित कर सकता है। हालांकि इस काम में उसको कुछ समय जरूर लग जाएगा। इस बीच रूस की समाचार एजेंसी तास ने ये भी बताया है कि



अंतरिक्ष स्टेशन की ऊंचाई को बढ़ा दिया गया है। बता दें कि अंतरिक्ष स्टेशन में रूस की अहम भागीदारी रही है। अमेरिका इसके संचालन में रूस का सहयोग लेता रहा है। वहीं अमेरिका और रूस समेत दूसरे देशों के अंतरिक्ष यात्री इस स्टेशन का हिस्सा बनते आए हैं। गौरतलब है कि रूस ने यूक्रेन पर 24 फरवरी को हमला किया था। इसके बाद से लगातार रूस यूक्रेन में बमबारी कर रहा है। बीते कुछ दिनों से रूस ने यूक्रेन के कई शहरों में जबरदस्त हवाई हमले किए हैं। इनमें कई लोगों की मौत हो गई है। एएफपी के मुताबिक रूस की सेना कीव से अब अधिक दूर नहीं रह गई है। वहीं यूक्रेन के प्रमुख बंदरगाह वाले शहर मारियुपोल पर भी रूस के जबरदस्त हमले जारी हैं। इन हमलों से बचने के लिए लगातार लोग यूक्रेन से भाग रहे हैं। पड़ोसी देशों में अब तक यूक्रेन के करीब 20 लाख शरणार्थी पहुंच चुके हैं। हर रोज इनकी गिनती बढ़ती ही जा रही है।

# भीड़ के दबाव में दो श्रद्धालुओं की हार्ट अटैक से मौत, मथुरा-वृंदावन में होली पर उमड़ रहा हुजूम

आगरा- ब्रज में होली को लेकर जमकर हुजूम उमड़ रहा है। कोरोना वायरस से संबंधित प्रतिबंध हटा लिए जाने के बाद इस बार भीड़ अच्छी खासी है। 24 घंटे में मथुरा-वृंदावन में भीड़ के दबाव के चलते दो श्रद्धालुओं की हार्ट अटैक से मृत्यु हो चुकी है। ठा. बांकेबिहारी मंदिर में रंगभरनी एकादशी से पहले ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को भीड़ के दबाव में महाराष्ट्र से आई महिला श्रद्धालु अचानक बेहोश हो गई। उन्हें हार्ट अटैक आया। उपचार के लिए



अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। ठा. बांकेबिहारी मंदिर में शनिवार की सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ का दबाव है। शनिवार को मंदिर में दर्शन को आ रहे श्रद्धालुओं में शामिल महाराष्ट्र के मुंबई स्थित सतनाम सोसाइटी निवासी 60 वर्षीय मधु अग्रवाल अचानक बेहोश होकर गिर गईं। साथी श्रद्धालुओं ने जैसे तैसे उन्हें उठाने की कोशिश की। मंदिर में मौजूद सुरक्षागार्डों ने महिला को भीड़ से बाहर निकाला और पुलिस के सहयोग से जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने महिला को हार्टअटैक के चलते मृत घोषित कर दिया। लेकिन साथी श्रद्धालुओं ने चिकित्सकों की बात को नकारते हुए दूसरे अस्पताल में जांच करवाने की बात कही और महिला को निजी चिकित्सालय ले गए। मृतक महिला के साथ आई साथी महिला श्रद्धालु अलका अग्रवाल ने बताया मधु अग्रवाल पहले से कई बीमारियों से जूझ रही थीं।

## बरसाना में लठामार होली में बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत

इससे पहले शुक्रवार शाम को बरसाना में लठामार होली पर आए पठानकोट के एक श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत हो गई। स्वजन शव को अपने साथ ले गए। पंजाब के पठानकोट निवासी चरण दास (65) राधारानी के दर्शन करने के लिए आए थे। लठामार होली खत्म होने के बाद राधारानी के दर्शन करने मंदिर गए। भीड़ के बीच दम घुटने लगा। स्वजन ने मंदिर के बाहर ही उनको बैठा दिया और वह दर्शन करने चले गए। लौट कर स्वजन आए तब तक चरणदास की मौत हो गई थी।

# निषाद पार्टी की जीत पर संजय निषाद- 1 से 11 हुए, रावणराज रोकने को मोदी ने हमें राम की तरह लगाया गले

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन के साथ चुनाव लड़ी निषाद पार्टी के 11 प्रत्याशी इस बार चुनाव जीतकर विधानसभा में पहुंचे हैं। निषाद पार्टी के प्रमुख संजय निषाद ने शनिवार को भाजपा नेतृत्व और पीएम मोदी, सीएम योगी को सहयोग और प्यार के लिए धन्यवाद दिया। लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए संजय निषाद ने रामराज्य और रावणराज का जिक्र करते हुए कहा कि जिस तरह भगवान राम ने निषादराज को गले लगाया था ठीक उसी तरह पीएम मोदी, सीएम योगी और भाजपा नेताओं ने उन्हें प्यार और सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि 5 साल में पार्टी 1 से 11 हो गई है। संजय



निषाद ने कहा, राजनीति का जो संकल्प मैंने 12 जनवरी 2013 को निषाद राज के किले पर लिया था जहां भगवान राम ने वनवास में जाते समय कदम रखा था और बड़े भाई निषादराज के गले मिले थे तो दुनिया में शांति आई थी। बदले में निषादराज ने अपने सेना लंका भेजी थी। रावण का वध हुआ था।

दो राज्य था एक रावणराज्य और दूसरा रामराज्य। रावणराज खत्म होकर रामराज्य की स्थापनी हुई थी। संजय निषाद ने बताया कि उनकी पार्टी के कुल 11 उम्मीदवार चुनाव जीते हैं। 6 उनकी पार्टी के भोजन भरी थाली सिंबल पर और 5 भाजपा के निशान पर जीते हैं। उन्होंने कहा कि 5 प्रत्याशी बेहद कम अंतर से हारे हैं। उन्होंने कहा कि 2017 में भाजपा जिन 9 सीटों पर हार गई थी उनमें से 6 पर निषाद पार्टी ने जीत हासिल की है।